## एक नजर

### इस वर्ष नहीं होगी उत्तराखंड में श्रीनंदा देवी राजजात यात्रा

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। उत्तराखंड की आस्था और संस्कृति से जुड़ी नंदा देवी राजजात पैदल धार्मिक यात्रा इस वर्ष आयोजित नहीं की जाएगी। हर 12 वर्ष में आयोजित होने वाली विश्व की सबसे लंबी धार्मिक यात्रा करीब 280 किलोमीटर का सफर 20 दिन में पूरा करती है। यह फैसला श्रीनंदा देवी राजजात समिति ने लिया है। श्रीनंदा देवी राजजात समिति के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुंवर ने चमोली में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि हिमालयी क्षेत्र में यात्रा से जुड़े आवश्यक कार्य अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं। मार्ग, व्यवस्थाओं और आधारभूत सुविधाओं के अधूरे रहने के कारण इस वर्ष राजजात का आयोजन संभव नहीं है। समिति के अनुसार अब नंदा देवी राजजात यात्रा का आयोजन वर्ष 2027 में किया जाएगा। हिमालयी महाकुंभ के नाम से जाने जाने वाली इस यात्रा के स्थगित होने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में निराशा जरूर है, लेकिन समिति का कहना है कि बेहतर और सुरक्षित व्यवस्थाओं के साथ राजजात का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में देहरादून ने जीता मुकाबला

स्वतंत्र चेतना

पौड़ी गढ़वाल। विकास खंड मुख्यालय कोट में सातवीं राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के तहत रविवार को भी मैच खेले गए। पहले खेले गए क्षेत्र पंचायत स्तरीय में ओजली ने जीत हासिल की। जबकि राज्यस्तरीय मुकाबले में देहरादून ने गाजियाबाद की टीम को हरा दिया। रविवार को कोट के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल के पहले मैच का उदघाटन जिला पंचायत सदस्य कटूड आराधना देवी ने किया। पहले मुकाबला ओजली व खोला के बीच खेला गया। जिसमें ओजली की टीम ने एकतरफा मुकाबले में खोला को 5-1 से हरा दिया। वहीं, दूसरे मुकाबले में देहरादून ने गाजियाबाद की टीम को 1-0 से हराया। इस मौके पर सितोनस्यूं क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख सुनील लिंगवाल, अनिल कुमार, समिति कोषाध्यक्ष भगवान सिंह, क्षेपं सदस्य अजय कुमार, जितेंद्र सिंह, नंद किशोर, जीवन सिंह आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने पौने किलो चरस के साथ दो तस्कर दबोचे

स्वतंत्र चेतना

उत्तरकाशी। बड़कोट पुलिस की टीम ने अल्टो कार से 710 ग्राम चरस की तस्करी करते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार रात्रि को थानाध्यक्ष बड़कोट दीपक कठैत के नेतृत्व में थाना की टीम ने एक सटीक जानकारी जुटाते हुये बड़कोट,दुबाटा के पास से हरदयाल व प्रदीप नाम के दो तस्करों को अल्टो कार से अवैध चरस का परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 710 ग्राम चरस बरामद की गयी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दोनों के विरुद्ध थाना बड़कोट पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह रावत, हेड कांस्टेबल बबलू, गौरव रावत शामिल थे।

### 36वें सड़क सुरक्षा माह के तहत कोटद्वार में यातायात जागरूकता रैली

स्वतंत्र चेतना

पौड़ी गढ़वाल। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निदेशानुसार 36वें सड़क सुरक्षा माहझ2026 के अंतर्गत शनिवार को कोटद्वार में यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी गढ़वाल के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार व पुलिस उपाधीक्षक यातायात के निर्देशन में आयोजित इस रैली को पुलिस उपाधीक्षक यातायात निहारिका सेमवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मालवीय उद्यान से प्रारंभ होकर झंडा चौक, तीलू रोतैली चौक, देवी मंदिर तिराहा, बालासौड़ तिराहा से होते हुए पुनः तीलू रोतैली चौक पर समाप्त हुई। यातायात निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि रैली के माध्यम से यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा सुरक्षित गति अपनाने की अपील की गई। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात नियमों से संबंधित फ्लैक्स होर्डिंग लगाए गए और जागरूकता पंपलेट व बैनर वितरित किए गए। कार्यक्रम में सहायक संभागीय प्रवर्तन अधिकारी शशि दुबे, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, एनसीसी कैडेट्स, सीपीयू कोटद्वार, चीता मोबाइल एवं हाईवे पेट्रोल के जवान मौजूद रहे।

# लंबे पैदल मार्ग को ट्रेक ऑफ द ईयर-2026 घोषित करने की मांग

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से रविवार को भेंट कर लंबे पैदल मार्ग को 'ट्रेक ऑफ द ईयर-2026' घोषित करने की मांग की है।

मनवीर चौहान ने बताया कि जनपद उत्तरकाशी के नौगांव व चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में पर्यटन मार्ग, आवास गृह और ग्रामीण सड़कों के निर्माण से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि चिन्यालीसौड़ विकासखण्ड के अंतर्गत सेममुखेम एवं सप्तसेम धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल हैं। जगडगांव दिचली व बनकोट से इन स्थलों तक लगभग 28 किमी वाहन मार्ग एवं आगे 6 किमी पैदल मार्ग है। उन्होंने सेममुखेम से सप्तसेम तक के 6 किमी लंबे मार्ग को 'ट्रेक ऑफ द ईयर-2026' घोषित करने की मांग की। उन्होंने नौगांव विकासखण्ड के पर्यटन स्थल राजगढ़ी, मां रेणुका देवी मंदिर (सरनौल) और श्री जमदग्नि ऋषि आश्रम (थान) में पर्यटक आवास गृह के निर्माण की भी मांग रखी। इसके अतिरिक्त मसाल गांव, गंगटाड़ी, पालर-मस्सू, पौल गांव, रौतल व मुरखील में सड़क निर्माण, मसाल गांवझगंगटाड़ी मोटर मार्ग पर पुल निर्माण, पालर-मस्सू से फरी तक मोटर मार्ग तथा रौतल से मुरखील मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति का आग्रह किया गया। मनवीर चौहान ने कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मांगों पर शीघ्र निर्णय का आश्वासन दिया।

# राज्यपाल से मुख्य सचिव की शिष्टाचार भेंट, समसामयिक विषयों पर हुई चर्चा

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से रविवार को लोक भवन में उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने मुख्य सचिव से राज्य से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी ली। भेंट के दौरान राज्यपाल ने राज्य में संचालित प्रमुख विकास योजनाओं, प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 79 जर्जर स्कूल भवन का होगा ध्वस्तीकरण

## वैकल्पिक पढ़ाई की होगी व्यवस्था

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बाद बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। जनपद में वर्षों से जर्जर पड़े 79 विद्यालय भवनों को पूर्णतः निष्प्रोज्य घोषित कर उनके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बच्चों की पढ़ाई की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी स्थिति में बच्चों की जान जोखिम में नहीं डाली जाएगी।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी जोखिमपूर्ण भवन में शिक्षण कार्य संचालित नहीं होगा। प्रशासन समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सभी कार्य पूरे करेगा। जिलाधिकारी की सख्ती के बाद महज 10 दिनों के भीतर 100 विद्यालयों के जर्जर भवनों की रिपोर्ट तैयार की गई। रिपोर्ट में 79 विद्यालय भवन पूरी तरह निष्प्रोज्य पाए गए, जिनमें 13 माध्यमिक और 66 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 17 विद्यालय भवन आंशिक रूप से निष्प्रोज्य घोषित किए गए हैं। प्रशासन ने बच्चों के पठन-पाठन को प्रभावित होने से बचाने के लिए 63 विद्यालयों में वैकल्पिक शिक्षण व्यवस्था पहले ही सुनिश्चित कर दी है। शेष 16 विद्यालयों में भी शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद संबंधित भवनों का ध्वस्तीकरण किया जाएगा। ध्वस्तीकरण और सुरक्षा कार्यों के लिए 01 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। लोक निर्माण विभाग को 7 दिन के भीतर सभी निष्प्रोज्य भवनों के आंगणन (एस्टिमेट) तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# माघ मेला में खेल प्रतियोगिताओं का आगाज

स्वतंत्र चेतना

उत्तरकाशी। माघ मेला बाड़ाहाट कु थौलू के अवसर पर पीएम श्री राईका कीर्ति उत्तरकाशी में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आगाज हो गया है।

उद्घाटन के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान एवं नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, माघ मेला संयोजक, खेल समिति,माघ मेला के रूप में सदस्य जिला पंचायत दीपेंद्र कोहली की ने संयुक्त रूप से रेबन काट कर किया है।

खेल प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल में पुरुष एवं महिला वर्ग की ओपन प्रतियोगिता तथा अंडर-19 कबड्डी,जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, टेबल टेनिस और 50 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों के लिए 100 मीटर की दौड़ का आयोजन मुख्य आकर्षण के रूप में इस आयोजन में रहेंगे । मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत रमेश चौहान के समक्ष वॉलीबॉल मैच का विधिवत उद्घाटन प्रारंभ करते कहा कि युवाओं के लिए खेल महोत्सव, स्वस्थ समाज निर्माण के लिए खेल परंपरा का विकास किया जाना तथा आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी के साथ मैदान में खेल प्रतियोगिताओं के साथ मनोरंजन किया जाना भी आवश्यक है। साथ इस अवसर जिला पंचायत सदस्य हीरालाल शाह, भरत सिंह बिष्ट, श्रीमती प्रियंका रावत, सरस्वती नाथ, ज्योती राणा, कविता शाह, सरिता वर्धन, विरेन्द्र वर्ध्दन, बालशेखर नौटियाल एवं माघ मेला खेल समिति के संरक्षक के प्रेम सिंह पंवार, प्रतियोगिता में निर्णायकों के रूप में जिला खेल समन्वयक उत्तम सिंह नेगी एवं शूरवीर पडियार और राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉग अध्यक्ष राजवीर सिंह रांगड़ तथा जिला मंत्री बलवंत असवाल,गिरीश चंद्र असवाल, दीपक सेमवाल, आशीष बिजल्वाण,सोबन सिंह राणा, महावीर कलूड़ा, महावीर सिंह राणा,सोबन सिंह पाल,शूरवीर मार्तोलिया, मनोज परमार,भूरेलाल, महेश उनियाल,हाशिम बेग, चंडी प्रसाद नौटियाल, महेंद्र सिंह मटूड़ा,अजय नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

# गुलदार ने महिला को किया घायल

स्वतंत्र चेतना

पौड़ी गढ़वाल। पाबौ ब्लाक के रतकोटी गांव में घास काटने गई महिला को गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। गुलदार के हमले में महिला के दोनो कंधों पर घाव के निशान बने है।

महिला ने साहस का परिचय देते हुए गुलदार को दरांती से मारकर भगाया। महिला को पाबौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पौड़ी नागदेव रेंज के रतकोटी गांव में गुलदार ने घास लेने गई 54 साल की सोबती देवी को हमला कर घायल कर दिया। महिला के पति दलवीर सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी अन्य महिलाओं के साथ करीब साढ़े दस बजे गांव के पास जंगल में घास लेने गई थी। इसी दौरान घात लगाए गुलदार ने उनकी पत्नी पर हमला कर दिया। बताया कि उनकी पत्नी ने दरांती से वार कर गुलदार को भगा दिया लेकिन एक बार फिर गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। जिस पर अन्य

महिलाओं ने लाठी डंडों व पत्थरों से गुलदार को भगाया। बताया कि क्षेत्र में लगातार गुलदार देखा जा रहा है। उन्होंने गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है। वहीं, पौड़ी नागदेव रेंज के रेंजर दिनेश चंद्र नौटियाल ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा.पंकज सिंह ने बताया कि महिला के दोनो कंधों पर घाव के निशान है। महिला के कंधे पर दर्द होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डा.सुनील शर्मा ने बताया कि महिला की स्थिति खतरे से बाहर है। महिला का उपचार किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण जीवन को मिला नया आधार

## सरकार की पहल से गांवों में साकार हुए पक्के आवास के सपने

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्रामीण अंचलों में अब सिर्फ घर नहीं बन रहे, बल्कि उम्मीदें आकार ले रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उन परिवारों के जीवन में स्थायित्व और आत्मविश्वास भर दिया है, जिनके लिए कभी पक्की छत सिर्फ एक सपना हुआ करती थी। आज वही सपना हकीकत बनकर गांव-गांव मुस्कान बिखेर रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि वर्ष 2016 से 2024 के बीच जनपद में 4594 पात्र परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ निर्माण का नहीं, बल्कि विश्वास के निर्माण का प्रमाण है। वहीं आवास प्लस सर्वे-2024 के तहत सभी विकासखंडों में 12379 नए आवासों के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है। यह सर्वे तीन चरणों में किया जाता है और इसकी वैधता पांच वर्षों तक रहती है, ताकि वास्तविक जरूरतमंद ही योजना से जुड़ें। अब जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्र लोगों को चिन्हित कर आगे की प्रक्रिया तेज की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है सीधा और पारदर्शी लाभ। पात्र लाभार्थियों को 1 लाख 30 हजार रुपये की सहायता राशि तीन किश्तों में सीधे खाते में मिलती है। इसके साथ 95 दिन की विकसित भारत - जी राम जी मजदूरी और उत्तराखंड सरकार द्वारा किचन सामग्री व बर्तनों के लिए 6 हजार रुपये की अतिरिक्त मदद भी दी जा रही है। इस योजना से पात्र लाभार्थियों को एक कमरा, एक किचन और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं वाला घर मिल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना सिर्फ मकान बनाने की योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के जीवन को मजबूत आधार देने की पहल है। उन्होंने कहा योजना की पारदर्शी प्रक्रिया और समयबद्ध क्रियान्वयन के कारण जनपद हर वर्ष अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर रहा है। इससे पात्र लोगों का सरकार के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। योजना के तहत वर्ष 2016-17 में 215 का लक्ष्य पूरा, 2017-18 में 184 का लक्ष्य हासिल, 2020-21 में 860 का लक्ष्य पूर्ण, 2021-22 में 147 का लक्ष्य प्राप्त, 2022-23 में 2049 के सापेक्ष 2043 आवास, 2023-24 में 1146 के सापेक्ष 1145 परिवारों को घर मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने जनपद के गांवों में बदलाव की नींव रख दी है। आज पक्की दीवारों के साथ-साथ लोगों के सपने भी मजबूत हुए हैं।

# भिक्षावृत्ति निवारण अभियान के तहत 154 बच्चे शिक्षा से जुड़े

## रेस्क्यू बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ रहा इंटेंसिव केयर सेंटर

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। देहरादून जिला प्रशासन की ओर से संचालित आधुनिक इंटेंसिव केयर सेंटर (आईसीसी) भिक्षावृत्ति, बालश्रम और कूड़ा बीनने से रेस्क्यू किए गए बच्चों के पुनर्वास का प्रभावी केंद्र बनता जा रहा है। यहां बच्चों को मानसिक रूप से सशक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। भिक्षावृत्ति से रेस्क्यू किए गए 154 बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया गया है।

जिला प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान के तहत साधुराम इंटर कॉलेज में स्थापित इंटेंसिव केयर सेंटर में बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा,खेलकूद,संगीत,योग एवं काउंसलिंग की सुविधाएं देने के साथ ही अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम मेंआईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी के 12 छात्र-छात्राओं ने सहायक प्रोफेसर डॉ.सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में रविवार को इंटेंसिव केयर सेंटर का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने बच्चों से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना और उनका मनोबल बढ़ाया। अतिथियों के स्वागत में आईसीसी के बच्चों ने स्वयं निर्मित स्वागत कार्ड एवं सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। भिक्षावृत्ति से रेस्क्यू किए गए 27 बच्चों को इंटेंसिव केयर सेंटर से विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश दिलाया गया। अब तक कुल 267 बच्चों का रेस्क्यू किया जा चुका है,जिनमें से 154 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। दिसंबर 2024 से संचालित इस अभियान के तहत साधुराम इंटर कॉलेज में स्थापित इंटेंसिव केयर सेंटर में 83 भिक्षावृत्ति,117 कूड़ा बीनने और 67 बालश्रम से जुड़े बच्चों को रखा गया। जिला प्रशासन ने बच्चों के लिए पढ़ाई की समुचित व्यवस्था के साथ कंप्यूटर शिक्षा, खेल, व्यायाम, मनोरंजन, काउंसलिंग एवं आवागमन के लिए विशेष कैब सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी की ओर से कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मानसिक रूप से सशक्त किए जाने के बाद बच्चों का चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी विद्यालयों में दाखिला कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे प्रभावी माध्यम है और भिक्षावृत्ति निवारण अभियान पूर्ण सेचुरेशन तक लगातार जारी रहेगा।

# ग्रामीणों ने लगाई हरि महाराज से बारिश की गुहार

स्वतंत्र चेतना

उत्तरकाशी। माघ मेले आ रही देव डोलियों से ग्रामीणों ने बारिश और बर्फबारी के लिए गुहार लगाई है। काश्तकारों ने चमाला की चौरी पर बाड़ागड्डी क्षेत्र की देव डोलियां पहुंची। बाड़ागड्डी के आराध्य हरि महाराज के ढोल, खंडद्धारी देवी, हूणेश्वर महाराज, नागदेवता और शंकर देवता के त्रिशूल ने चमाला की चौरी पर नृत्य किया। साथ ही ग्रामीणों ने कई दिनों से क्षेत्र में बारिश न होने पर आराध्य हरि महाराज से बारिश की गुहार लगाई। वहीं देव डोलियों ग्रामीणों को समस्या का समाधान करना का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि बारिश और बर्फबारी न होने से हालात ऐसे हैं कि खेतों में दरारें पड़ गई हैं और किसान बुआई तक नहीं कर पा रहे हैं।हालात ऐसे ही बने रहें तो फसलें पूरी तरह से चौपट हो सकती हैं, जिससे सीधा असर आमदनी पर पड़ेगा। इस स्थिति से सबसे ज्यादा चिंता सेब उत्पादक किसानों को है। पिछले साल भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब की बागवानी कुछ खास बेहतर नहीं रही थी। उस दौरान तेज बारिश के कारण नुकसान हुआ और बाजार तक सेब पहुंचाना भी मुश्किल हो गया, जिससे किसानों को आर्थिक झटका लगा लेकिन इस बार हालात और भी गंभीर हैं, क्योंकि सेब की अच्छी फसल होने को लेकर ही संदेह बना हुआ है।

GRIHUM HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
ब्रांच ऑफ यूनिटः साई कृपा, पहली मंजिल, 59/3, राजपुरा रोड, देहरादून, उत्तराखंड248001

**नीलामी सूचना**

**नीलामी बिक्री सूचना, सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (एक्ट) के तहत, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़े जाने वाले अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस।

आम जनता को और विशेष रूप से कर्ज लेने वाले/सह-कर्ज लेने वाले/गिरवी रखने वाले/गारंटर को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे इसके बाद एक्ट के अनुसार 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' कहा जाएगा) के पास गिरवी रखी गई हैं, जिनका कब्जा सिक्योर्ड क्रेडिटर के अधिकृत अधिकारी ने एक्ट की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसार, एक्ट की धारा 13(12) के तहत दी गई शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) नियम के नियम 8 और 9 के साथ मिलकर ले लिया है। सिक्योर्ड एसेट्स को 19-02-2026 को ई-ऑक्शन के जरिए 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है वैसा है', और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com पर दिए गए ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पब्लिक ऑक्शन करने जा रहे हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ऋऋऋ/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट www.grihhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| पॉलिसी नंबर ग्राहक का नाम (ए) | अमानत नोटिस की तारीख और बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति (सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तारीख (जी) | बढ़ती बोली (एच) | प्रॉपर्टी इंस्पेक्शन की तारीख और समय (आई) | नीलामी की तारीख और समय (जे) | ज्ञात भार/अदालती मामले यदि कोई हों (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोन नंबर HL0003410000 000 5023403 सुनील शर्मा (कर्जदार) सुमन शर्मा (सह-कर्जदार) | नोटिस की तारीखः 09-10-2025 कुल बकायाः रू० 707042.00/- (सात लाख सात हजार बयालीस रुपये मात्र) जो 09-10-2025 तक देय हैं, साथ ही 14.85% प्रति वर्ष की दर से ब्याज, भुगतान होने तक। | भौतिक | जमीन का वह पूरा हिस्सा जिसका खाता नंबर 87 (फसली वर्ष 1427 से 1432), खसरा नंबर 208, क्षेत्रफल 98.51 वर्ग मीटर है, जो मौजा-बद्रीपुर, परगना पछवादून, तहसील विकासनगर और जिला देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्व- विक्रेता की जमीन, जिसकी माप 52 फीट है। पश्चिम- सुचित्रा छेत्री की जमीन, जिसकी माप 54 फीट है। उत्तर- 16 फीट चौड़ी सड़क, जिसकी माप 20 फीट है। दक्षिण- दूसरे की जमीन, जिसकी माप 20 फीट है। | 695625.00/- रुपये (छह लाख पंचानवे हजार छह सौ पच्चीस रुपये मात्र) | 69562.50/- रुपये (उनहत्तर हजार पाँच सौ बासठ रुपये और पचास पैसे मात्र) | 18-02-2026 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 16-02-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे) | 19-02-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | शून्य |
| लोन नंबर HL0017300000 0005055663 निशा. (कर्जदार) अशोक. (सह-कर्जदार) | नोटिस की तारीखः 09-10-2025 कुल बकायाः रू० 1505413.00/- (पंद्रह लाख पाँच हजार चार सौ तेरह रुपये मात्र) जो 09-10-2025 तक देय है, साथ ही वसूली होने तक 15.25% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी लगेगा। | भौतिक | आवासीय संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका प्लॉट नंबर 166 का हिस्सा है, जिसका माप पूर्व में 41 फीट, पश्चिम में 43 फीट, उत्तर में 14 फीट 4 इंच और दक्षिण में 14 फीट 4 इंच है, जिसका क्षेत्रफल 601.986 वर्ग फीट यानी 55.946 वर्ग मीटर है, जो खसरा नंबर 90? से संबंधित है, जो गांव अनेकी हेड़मपुर परगना रुड़की तहसील और जिला हरिद्वार में नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर की सीमा के बाहर स्थित है। और घर की सीमाएँ:- पूर्व-प्लॉट नंबर 166 का बचा हुआ हिस्सा पश्चिम-प्लॉट नंबर 165 उत्तर-दूसरे व्यक्ति की जमीन दक्षिण-20 फीट चौड़ा रास्ता | 1786400.00/- रुपये (सत्रह लाख छियासी हजार चार सौ रुपये मात्र) | 178640.00/- रुपये (एक लाख अठहत्तर हजार छह सौ चालीस रुपये मात्र) | 18-02-2026 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 16-02-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे) | 19-02-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | शून्य |

इच्छुक बोली लगाने वालों/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सिक्योर्ड क्रेडिटर ब्रांच और नीलामी वाली प्रॉपर्टीज पर जाएं, और अपनी खुद की जांच करें और अतिरिक्त शुल्क, देनदारियों और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोली लगाने से पहले सभी पहलुओं से खुद को संतुष्ट कर लें। प्रॉपर्टी टैक्स, बिजली/पानी के बकाया और कोई भी अन्य बकाया, यदि कोई हो, जैसे सभी कानूनी बकाया का पता लगाना और उनका भुगतान सफल बोली लगाने वाले को करना होगा। इच्छुक बोली लगाने वालों को पोर्टल पर खुद को रजिस्टर करना होगा और नीलामी सर्विस प्रोवाइडर) C1 India PVT LTD से काफी पहले लॉगिन कऊऔर पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बिडिंग के लिए अनिवार्य है। पता- प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी –Support@bankeauctions.com। संपर्क व्यक्ति झ विनोद चौहान, ईमेल आईडी- delhi@c1india.com संपर्क नंबर- 9813887931। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोली लगाने वाले उनसे ही ई-नीलामी पर ऑनलाइन ट्रेनिंग ले सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोली लगाने वाले को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) की राशि NEFT/RTGS/DD के माध्यम से "Grihum Housing Finance Ltd" के खाते में जमा करनी होगी, बैंक-ICICI BANK LTDÙ अकाउंट नंबर-000651000460 और IFSC कोड- ICIC0000006, 20, आर. एन. मुखर्जी रोड- कोलकाता-700001 पर किसी भी नेशनलाइज्ड या शेड्यूल्ड बैंक से 18-02-2026 को या उससे पहले ड्राफ्ट बनवाएं और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम रजिस्टर करें और मुफ्त में यूजर कऊऔर पासवर्ड पाएं और सर्विस प्रोवाइडर से ई-ऑक्शन की ट्रेनिंग लें। वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद, इच्छुक खरीदार/बोली लगाने वाले को नीचे दिए गए डॉक्यूमेंट्स की कॉपी अपलोड करनी होगी, ईमेल करनी होगी और सेल्फ-अटेस्टेड हार्ड कॉपी इस पते पर भेजनी होगीः साई कृपा, पहली मंजिल, 59/3, राजपुरा रोड, देहरादून, उत्तराखंड 248001 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ईमेल ID p.adith@grihumhousing.com नियमों और शर्तों की ज्यादा जानकारी के लिए कृपयाhttps://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएं और ई-ऑक्शन में हिस्सा लें।

इस नोटिस को सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल-2002 के रूल 8(6) के तहत कर्जदार/सह-कर्जदार/गिरवी रखने वाले/गारंटर को 30 दिन का नोटिस भी माना जाए।

स्थानः देहरादून, हरिद्वार, उत्तराखंड दिनांकः 19/01/2026

अधिकृत अधिकारी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड